खाटू वाला श्याम सपने में आता है भजन लिरिक्स

खाटू वाला श्याम,
सपने में आता है।

दोहा – किसी के कान में हीरा,
किसी के हाथ में हीरा,
मुझे हीरे से क्या लेना,
मेरा तो श्याम है हीरा।

खाटू वाला श्याम,
सपने में आता है,
सर पे हाथ फिराकर,
मुझको गले लगाता है,
मेरा खाटूवाला श्याम,
मेरा लीले वाला श्याम।bd।

तर्ज – थोड़ा देता है।

प्रेमियों बाबा के दर पे,
ज़रा एक बार आ जाओ,
बात जो दिल में हो अपनी,
मेरे बाबा को बतलाओ,
सुनता है सबकी,
ये झोली भरने वाला है,
सर पे हाथ फिराकर,
मुझको गले लगाता है,
मेरा खाटूवाला श्याम,
मेरा लीले वाला श्याम।bd।

श्याम की भक्ति कर प्यारे,
तेरा जीवन संवर जाए,
बिना माझी के फिर कैसे,
ये नैया पार हो जाए,
बीच भवर नैया को,
निकाल देता है,
सर पे हाथ फिराकर,
मुझको गले लगाता है,
मेरा खाटूवाला श्याम,
मेरा लीले वाला श्याम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे अपनों से बढ़कर के,
सहारा श्याम देता है,
ज़िन्दगी भर जीने का,
वो गुज़ारा श्याम देता है,
रुकता नहीं मेरा,
हर काम होता है,
सर पे हाथ फिराकर,
मुझको गले लगाता है,
मेरा खाटूवाला श्याम,
मेरा लीले वाला श्याम।bd।

खाटु वाला श्याम,
सपने में आता है,
सर पे हाथ फिराकर,
मुझको गले लगाता है,
मेरा खाटूवाला श्याम,
मेरा लीले वाला श्याम।bd।

Singer – Sahil Shyam Premi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com